देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 10 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई!




# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 7 अप्रैल 2022




मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 21.0°

41243.40

2 इंसानों के बीच रह रहे एलियन

7 फिनिशर बनने की राह पर हैं दिनेश कार्तिक

# 1 फीसद से कम रही गरीबी दर

## आइएमएफ ने मोदी सरकार की योजना की सराहना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने एक बार फिर मोदी सरकार की सराहना की है। आइएमएफ के अनुसार केंद्र सरकार ने कोरोना के दौरान जैसा काम किया है वह बहुत काबिले तारीफ है। अपनी एक रिपोर्ट में आइएमएफ ने कहा है कि भारत ने कोरोना में खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से अत्यधिक गरीबी में वृद्धि के खतरे को बहुत ही अच्छे तरीके से संभाला है।

आइएमएफ की एक नई रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में भारत में अत्यधिक गरीबी (पीपीपी 1.9 प्रति व्यक्ति प्रति दिन से कम) 1 फीसद से कम है और यह महामारी वर्ष 2020 के दौरान भी उस स्तर पर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाइ), कोरोना महामारी के दौरान भारत में अत्यधिक गरीबी के स्तर में किसी भी वृद्धि को रोकने में महत्वपूर्ण रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पहली बार गरीबी और असमानता पर खाद्य सब्सिडी का प्रभाव पड़ा है।

**सितंबर 2022 तक हुआ योजना का विस्तारः** इस बीच, बता दें कि पीएम मोदी ने पिछले महीने ही इस पीएमजीकेएवाइ को सितंबर 2022 तक बढ़ाने की घोषणा की थी।

पीएमजीकेएवाइ के तहत जरूरतमंद लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। देश में कोरोना महामारी के बीच मार्च 2020 में इस योजना में तेजी लाई गई थी और इसे पिछले साल नवंबर में मार्च 2022 तक चार महीने (दिसंबर 2021–मार्च 2022) के लिए बढ़ा दिया गया था। इस योजना में नियमित मासिक एनएफएसए खाद्यान्न के अलावा प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध कराना शामिल है।

बता दें कि वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि भारत ने कम समय में कोविड–19 के 2 टीकों का उत्पादन शुरू किया, इसमें से एक वैक्सीन तो भारतीय कंपनी ने ही विकसित किया है।

### 80 करोड़ लोगों को हुआ था फायदा

यह लाभ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले परिवार) के तहत कवर किए गए लोगों को प्रदान किया जा रहा है, जो प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के तहत शामिल हैं। बता दें कि सरकार ने मार्च 2020 में लगभग 80 करोड़ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को अतिरिक्त मुफ्त खाद्यान्न (चावल, गेहूं) के वितरण की घोषणा की थी, जो कोरोना के मद्देनजर लिया गया फैसला था।



### दोगुना हुई लाभांवित लोगों की संख्या

आइएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएमजीकेएवाइ भारत में अत्यधिक गरीबी के स्तर में किसी भी वृद्धि को रोकने के लिए महत्वपूर्ण तो थी ही पर गरीबों पर कोरोना के चलते आय में आई कमी को झेलने की शक्ति देने के लिए भी शानदार रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य पात्रता को इस दौरान दोगुना किया गया जिससे निचले तबके तक को फायदा हुआ।

### सरकार की घोषणा सराहनीय

आईएमएफ के प्रवक्ता गेरी राइस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आईएमएफ भारत सरकार की टीकाकरण का दायरा एवं पहुंच बढ़ाने की घोषणा का स्वागत करता है। कोविड की दूसरी लहर और इससे जुड़ी पाबंदियों के कारण भारत में आर्थिक गतिविधियों पर खासा असर पड़ा है। आईएमएफ अगले महीने जारी होने वाले वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में भारत के ग्रोथ रेट की समीक्षा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि भारत की अर्थव्यवस्था बड़ी है और इसका क्षेत्रीय–वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है। लिहाजा भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अहम है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना वायरस के 1086 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,086 नए मामले सामने आए हैं। इससे पहले मंगलवार को कोरोना के 795 मरीज मिले थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के कारण 71 लोगों की मौत हुई है। इस तरह मृतकों की कुल संख्या बढ़कर अब 5,21,487 हो गई है।

### पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने फिर टाली सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज किए जाने और संसद भंग करने के मामले पर बुधवार को सुनवाई की। रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने पीटीआई सरकार के वकील बाबर अवान से राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की हालिया बैठक के मिनट्स के बारे में जानकारी मांगी।

# इस बार का स्थापना दिवस तीन वजहों से महत्वपूर्ण

## वोट बैंक की राजनीति से लेकर परिवारवाद पर बोले पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के 42वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान पीएम ने पार्टी की उपलब्धि गिनवाने के साथ–साथ विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने वोट बैंक से लेकर परिवारवाद की राजनीति को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। भाजपा के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं देश और दुनिया भर में फैले भाजपा के प्रत्येक सदस्य को बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं। कश्मीर से कन्याकुमारी, कच्छ से कोहिमा तक भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को निरंतर सशक्त कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीन दशक के बाद राज्यसभा में किसी पार्टी के सदस्यों की संख्या 100 तक पहुंची है।

### रूस–यूक्रेन युद्ध पर दो खेमों में दुनिया, भारत ने लिया अपना स्टैंड

पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया के सामने एक ऐसा भारत है जो बिना किसी डर या दबाव के, अपने हितों के लिए अडिग रहता है। जब पूरी दुनिया दो विरोधी ध्रुवों में बंटी हो, तब भारत को ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है, जो दृढ़ता के साथ मानवता की बात कर सकता है।


पीएम मोदी ने कहा कि इस बार का स्थापना दिवस तीन वजहों से महत्वपूर्ण है। पहला कारण है कि इस समय हम देश की आजादी के 75 वर्ष का पर्व मना रहे हैं, आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। ये प्रेरणा का बहुत बड़ा अवसर है। दूसरा कारण है– तेजी से बदलती हुई वैश्विक परिस्थितियां, बदलता हुआ ग्लोबल ऑर्डर। इसमें भारत के लिए लगातार नई संभावनाएं बन रही हैं। तीसरा कारण भी उतना ही अहम है। कुछ सप्ताह पहले चार राज्यों में भाजपा की डबल इंजन की सरकारें वापस लौटी हैं। तीन दशकों के बाद राज्यसभा में किसी पार्टी के सदस्यों की संख्या 100 तक पहुंची है।

पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने देश के युवाओं को भी कभी आगे नहीं बढ़ने दिया, उनके साथ हमेशा विश्वासघात किया है। और आज हमें गर्व होना चाहिए कि आज भाजपा ही इकलौती पार्टी है जो इस चुनौती से देश को सजग कर रही है, सतर्क कर रही है। ये महासंघर्ष तब तक चलेगा, जब तक लोकतंत्र विरोधी ताकतों को हम परास्त नहीं कर देते।

# नए वैरिएंट एक्सई का भारत में पहला मामला सामने आया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बुधवार को कोविड–19 के एक्सई वैरिएंट का पहला मामला सामने आया है। इस बीच, कोविड के कापा वैरिएंट के भी एक मामले का पता चला है। अधिकारी ने कहा कि 376 नमूनों की जांच में ये मामले सामने आए। मुंबई के 230 नमूनों में से 228 नमूने ओमिक्रोन वैरियंट के हैं, जबकि एक कापा और दूसरा एक्सई वैरिएंट का पाया गया है।



अधिकारी ने कहा कि वायरस के नए स्ट्रेन से संक्रमित मरीजों की स्थिति गंभीर नहीं है। अधिकारी ने कहा कि एक्सई म्यूटेंट ओमिक्रोन के बीए2 सब वैरिएंट की तुलना में 10 फीसद अधिक ट्रांसमिसिबल प्रतीत होता है। अब तक, बीए 2 को सभी कोविड–19 प्रकारों में सबसे अधिक संक्रामक माना जाता था।

एक्सई वैरिएंट बीए1 और बीए2 ओमिक्रोन का एक उत्परिवर्तन है, जिसे पुनः संयोजक कहा जाता है। प्रारंभिक अध्ययनों के अनुसार, एक्सई वैरियंट की बीए 2 की तुलना में 9.8 फीसद की वृद्धि दर भी है। पता लगाने से बचने की क्षमता के कारण इसे स्टील्थ वैरिएंट के रूप में जाना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि नवीनतम वैरिएंट पिछले वाले की तुलना में अधिक संचरित हो सकता है।

इस बीच, भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1086 मामले आए हैं। 1198 लोग डिस्चार्ज हुए हैं और 71 लोगों की मृत्यु हुई है। सक्रिय मामले 11,871 (0.03 फीसद) है। देस में कोरोना से अब तक कुल 5,21,487 लोगों की मौत हो चुकी है। पाजिटिविटी रेट 0.23 फीसद है। देश में अब तक कुल वैक्सीनेशन 185.04 करोड़ हो चुका है।

### अलर्ट

■कोविड के कापा वैरिएंट के भी एक मामले का पता चला


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# 100 दिन में गांवों में बनेंगे एक लाख पीएम आवास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग ने बड़ी पहल करते हुए आगामी 100 दिनों का लक्ष्य तय कर दिया है। ग्राम्य विकास विभाग प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत एक लाख आवास बनाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत इतने ही दिनों में 8200 घरों को निर्माण पूरा होगा।

### योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 की बड़ी पहल

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि वर्ष 2022–23 के लिए स्वीकृत होने वाले सभी पीएम व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया जाएगा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 50 हजार नए स्वयं सहायता समूहों का गठन होगा, 80 हजार स्वयं सहायता समूह को 400 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। 100 प्रोड्यूसर ग्रुप के गठन का भी लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 200 पुष्टाहार मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की स्थापना की कार्यवाही पूरी की जाएगी, जिससे 600 विकासखंडों में पुष्टाहार की आपूर्ति हो सकेगी।